प्रैस विज्ञप्ति

22.02.2019

यू0जी0सी–मानव संसाधन विकास केन्द्र, हिमाचल प्रदेश शिमला में महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिए एक दिवसीय 'Pricipals' Meet' का आयोजन किया गया जिस में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। उदघाटन सत्र में श्री सीता राम मरढ़ी, पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि थे। केन्द्र के निदेशक प्रो0 डी0डी0 शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम की आवश्यकता एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। श्री एस0आर0मरढ़ी ने वर्तमान समय की चुनौतियों और खास तौर पर शिक्षा क्षेत्र में आए बदलाव एवं शैक्षिक संस्थानों की भुमिका पर प्रकाश डाला। डॉ0 जोगिन्द्र सकलानी, सहायक निदेशक ने अतिथियों का धन्यावाद ज्ञापित किया। इसके पश्चात श्री ज्ञान चन्द रायता पूर्व 1वत अधिकारी, हिमाचल प्रदेश विश्वद्यालय एवं वर्तमान में हिमाचल कौशल विकास निगम के सलाहकार ने Management of Finances in Government Institutions पर अपना वक्तव्य दिया और विभिन्न प्रतिभागियों के सवालों का निवार्ण किया। भोजन उपरान्त के सत्र डॉ0 जोगिन्द्र नेगी, परीक्षा नियन्त्रक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने परीक्षा सम्बन्धी जानकारी और महाविद्यालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला और प्राचार्यों के सवालों का समाधान किया।

समापन सत्र में प्रो. अरविन्द कालिया, अधिष्ठाता अध्ययन मुख्य अतिथि थे जिन्होंने अपने सम्बोधन में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के मध्य बेहतर तालमेल के लिए हर महाविद्यालय में किसी अध्यापक को जिम्मेदारी देने की बात रखी और सभी महाविद्यालयों को NAAC से Accredition करवाने तथा उसकी तैयारियों के लिए रूप रेखा तैयार करने का सुझाव दिया। अन्त में केन्द्र के निदेशक आचार्य देव दत्त शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

निदेशक

प्रैस विज्ञप्ति

25.02.2019

यू0जी0सी–मानव संसाधन विकास केन्द्र, हिमाचल प्रदेश शिमला में उन्नमुखी कार्यक्रम नन्मबर 131 का प्रारम्भ आज सोमवार 25 फरवरी 2019 को प्रातः 10:30 बजे हुआ। उच्च शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश सरकार डॉ. अमरजीत शर्मा जी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। कार्यकम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। केन्द्र के निदेशक प्रो. देव दत्त शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत पारम्परिक तरीके से पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से किया और उस के पश्चात केन्द्र निदेशक ने मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास केन्द्र के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुये भविष्य में भी नये प्रयोगों के माध्यम से इस केन्द्र की महता को और आगे बढ़ाने का संकल्प प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. अमरजीत शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान चुनौतिया और शिक्षकों के बदलते कर्तव्यों पर प्रकाश डाला और एक अच्छे शिक्षक में क्या क्या अनिवार्य विशेषताये रहनी चाहिए पर अपनी बात को रखा और उन्होने विश्वास जताया कि 4 सप्ताह का ये उन्मुखी कार्यक्रम सभी नवोदित अध्यापको के शैक्षिक जीवन में सर्वागीण विकास करेगा। इस चार साप्ताहिक कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. जोगिन्द्र सकलानी (सह निदेशक) ने मच संचालन करते हुए सभी प्रतिभागियों के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिये और उनका पारस्परिक परिचय भी करवाया। प्रो. किरण रेखा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस चार साप्ताहिक उन्नमुखी कार्यक्रम में 8 राज्यों से विभिन्न विषयों के 41 प्रतिभागी भाग ले रहे है।

निदेशक

Press Note

The first ever short term course on MOOCs, e-content development and educational resources was organized by the center for Human Resource Development, H.P. University on 6, 7 and 8 March, 2019. The three day course was aimed at generating awareness about the importance and undeniable value of MOOC and e-content in the teaching and learning scenario. The programe was attended by thirty participants from several parts of India and Prof. P.K. Ahluwalia was the Co-ordinator of the course. The course was inaugurated by Professor Kamal Jeet, the DSW, H.P.U in the presence of the Director HRDC Prof. D.D. Sharma, Co-ordinator of the course Prof. P.K. Ahluwalia, past Director Prof. Kiran Rekha, while Prof. Sunil Kumar Gupta, ex.-Vice Chancellor, HPU and Chairman H.P Higher Education Council presided over the valedictory session. The course was highly successful in motivating the teachers towards adopting modern technology as a tool and support for teaching and learning.

Director (HRDC)

Refresher course on Physics (RC-310)